साप्ताहिक

Website: www.narmadasamay.com
Email: narmadasamay@gmail.com

Title Code:-MPHIN/36648

# नर्मदा समय

संपादक-प्रताप सिंह वर्मा

वर्षः 01, अंकः 19 | इटारसी, सोमवार 17 अप्रैल से 23 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-04 | मूल्यः 05 रुपए

## नर्मदापुरम संभाग के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला फूंककर जमकर विरोध जताया

### गोविंद सिंह की रानी कमलापति पर विवादास्पद टिप्पणी से भारतीय जनता पार्टी नाराज





नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा

**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल एवं पुरानी इटारसी मंडल ने संयुक्त रूप से कांग्रेसी नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन किया । भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन जय स्तंभ चौक पर किया गया। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने रानी कमलापति के नाम पर अशोभनीय टिप्पणी से पूरा आदिवासी समाज को अपमानित किया है, इससे पूरी आदिवासी समाज पूरे प्रदेश भर में कांग्रेस के नेता गोविंद सिंह का पुतला दहन किया गया, कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा निरंतर आदिवासी समाज को टारगेट कर अशोभनीय टिप्पणी करते आ रहे हैं, यह बहुत निंदनीय हैं।

कांग्रेसी नेता गोविंद सिंह को इस बयान पर माफी मांगना चाहिए, नहीं तो पूरा आदिवासी समाज पूरे प्रदेश भर में आंदोलन करने को बाध्य है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, भाजपा जिला मंत्री उमेश पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष जय किशोर चौधरी, भाजपा विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक पंकज चौरे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, भाजपा पुरानी मंडल अध्यक्ष मयंक महतो, भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी राजा तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक बाबू महलाह, महामंत्री राहुल चौरे, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अभिनव शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू सिकंदर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा ओमप्रकाश मुन्ना उईके, पुरानी इटारसी जनजाति मंडल अध्यक्ष संजय उइके, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मंत्री राहुल प्रधान, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री विनोद लोगरे, किसान मोर्चा महामंत्री राकेश मालवीय वरिष्ठ नेता डॉ पहाड़िया, पुरानी इटारसी उपाध्यक्ष भाजपा अतुल शुक्ला, महामंत्री गोविंद महतो, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक कनौजिया, किसान मोर्चा मीडिया सह प्रभारी राजू परिहार, रमेश भूरिया, विपुल चौधरी, भाजपा नगर मीडिया प्रभारी गौरव बड़कुर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा सोशल मीडिया शिवकांत मालवीय, किसान मोर्चा सह कोषाध्यक्ष विशाल अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष अमित भाट, आशीष अग्निहोत्री, सुरेंद्र चौरे, सतीश चौरे बूथ अध्यक्ष, राजकुमार बावरिया, पार्षद जिम्मी कैथवास, एवं भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### नर्मदापुरम में भाजयुमो ने किया कांग्रेस नेता गोविंद सिंह का पुतला दहन

भारतीय जनता युवा मोर्चा शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम के जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा के निर्देशन पर युवा मोर्चा नर्मदापुरम ने जिले के सभी 22 मंडलों मे कांग्रेस नेता गोविंद सिंह का पुतला दहन किया। इसी क्रम में नर्मदापुरम नगर एवं नर्मदापुर मंडल ने रविवार को सतरास्ते पर मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह द्वारा रानी कमलापति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार अनुसूचित जन जाति वर्ग समुदाय के महापुरुषों को बढ़ावा दे रही है पिछले दिनों हबीबगंज स्टेशन का नाम रानी कमलापति के नाम पर करके उन्हे सम्मान दिया गया है।लेकिन कांग्रेस पार्टी हमेशा से अनुसूचित जनजाति समुदाय के विरोध मे रही है कांग्रेस नेता गोविंद सिंह के बयान से ये स्पष्ट होता है, कांग्रेस की कथनी और करनी में हमेशा से अंतर रहा है। गोविंद सिंह के बयान के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने उनकी बात का खंडन नही किया उससे ये स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण कांग्रेस पार्टी की मंशा आदिवासियों के विरोध में है।

इस अवसर पर हंस राय, मनोहर बड़ानी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अशोक कुशराम, प्रांशु राणे,मुकेश मैना, राजेश तिवारी, सुनील राठौर, लोकेश तिवारी, अमित महाला, सागर शिवहरे, विकास नारोलिया, अनिल आर्य, पूनम मेषकर, मनीष परदेशी, सुंदरम अग्रवाल, शिवम शर्मा, अजय रराानी, समर्थ चौरसिया, राहुल ठाकुर, भाजयुमो के रूपेश राजपूत, पीयूष दुबे, वीरू पटवा, दुर्गेश मिश्रा, प्रणव चौकसे, शिवांक रावत, जसवीर बावरा, पंकज खत्री, शुभम विश्वकर्मा, सचिन तोमर, प्रवेश सोनी, मनजीत तोमर, कमलेश मौर्य, यश तिवारी, सागर संतोरे, हर्ष सराठे, चंदन यादव, रामविलास, समीर सवालख , शाखा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आमला में भी पुतला दहन किया गया

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल आमला के कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने जनजातीय रानी कमलापति के विरुद्ध आपत्ति जनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस विधायक एवम नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का जनपद चौक पर पुतला दहन किया। एवं जनपद चौक से पैदल मार्च कर भगवान बिरसा की प्रतिमा के समक्ष मौन रख कर कांग्रेसी नेताओ को सद्बुद्धि की कामना करी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामकिशोर देशमुख ने कहा की महिला अस्मिता एवम जनजातीय गौरवशाली परंपरा के प्रति संकीर्ण एवम पूर्वाग्रहों से ग्रसित मानसिकता रखने वाले कांग्रेसी विधायक एवम नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के द्वारा संवैधानिक पद पर रहते हुए ,महिला सशक्तिकरण की सशक्त हस्ताक्षर, जनजातीय गौरव एवम नायिका रानी कमलापति के प्रति आपत्ति जनक टिप्पणी अस्वीकार्य है। भाजपा अनूसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष जोहरी वाडीवा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल आमला का प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे आस्था के केंद्र जनजातीय नायकों , विषेश कर महिलाओ के सम्मान को क्षति पहुंचाने वाले, कांग्रेस के वयोवद्ध नेता की इस बेहद स्तर हीन,एवम अपित्त जनक टिप्पणी की काढ़े शब्दों में निंदा करता है। भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक नागले ने कहां की भाजपा कार्यकर्ताओ ने रानी कमलापति के सम्मान एवम कांग्रेस के नेताओ को सद्बुद्धि के लिए भगवान बिरसा मुंडा से प्राथना करी इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक नागले भाजपा जनजातीय मोर्चा अध्यक्ष जोहरी वाडिया, सतीश हारोडे, प्रदीप ठाकुर, राजेश पंडोले, संजय जैन, मनोज उड़कले, लखन यादव, राकेश धमोड़े, गोपेन्द्र सिंह, अशोक झा, जितेंद्र बेले, शिवपाल उबनारे, भानु चंदेलकर, मोहन देवाड़े, मनीष मिसर, विनोद परदेशी, राजेश ढोलेकर, सतीश बोरासी, संजय राठौर, लिखीराम साहु, रोहित दुबे, मधुकर महाजन, आनद यादव, मनोज कश्यप, नितिन खातरकर, ज्ञान प्रकाश बनाईत, संदीप देवाड़े, गीतेश चौधरी, हरी मालवीय, इकबाल खान आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## समर्पण ग्रुप ने संविधान निर्माता की जयंती पर चर्मकारों का किया सम्मान

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**इटारसी।** डॉ भीमराव राव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर समर्पण ग्रुप द्वारा नीमबाड़ा एवं जयस्तंभ पर चमड़े का कार्य करने वाले चर्मकारों का सम्मानित किया गया । समय को बिना बर्बाद किए समर्पण ग्ररुप द्वारा उनके कार्यस्थल पर पहुंचकर का ग्ररुप द्वारा शॉल, श्रीफल एवं पुष्प वर्षा द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर नीमबाड़े में श्री भीमराव रामजी अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं चर्मकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर गिरधारी चौरे जी ने अपने विचार रखे और कहा कि हमारे भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और इस संविधान को मूर्त रूप देने वाले डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर को हम सदैव स्मरण करते हैं। इस अवसर पर गुड्डू सराठे जी ने कहा की भीमराव अंबेडकर वह महान शख्सियत है जिन्होंने भारत के लोगों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया एवं लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का भरपूर प्रयास किया। अंकित राठौर ने कहा की डॉ भीमराव अंबेडकर के विचार महान विचारों में से एक हैं जिन्हें हम सभी को हमेशा अपने जहन में रखना चाहिए तभी तो भारत एक श्रेष्ठ राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर संस्थापक आशीष भदौरिया, अंकित राठौर, गिरधारी चौरे, गुड्डू सराठे, पप्पू चौधरी, मुकेश पाल, भगवान दास पप्पू पटेल, राहुल शरण, संदीप तिवारी, जिज्ञास मौर्य , शिवम मेहरा, राजकुमार बावरिया, रोहित सनस, बी एल पांडे एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सड़कों पर उतर कर किया संवैधानिक मार्च , जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

**समीर खान/टीकमगढ़।** रविवार के दिन पुरानी पेंशन बहाली संघ द्वारा नगर के मुख्य मार्गों और मुख्य चौराहों से संवैधानिक पैदल मार्च निकाला गया और फिर उसके पश्चात जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया और इसे शीघ्र हल कराए जाने की मांग संघ के पदाधिकारी ,कार्यकर्ताओं द्वारा की गई यह ज्ञापन टीकमगढ़ तहसीलदार आरपी तिवारी को संघ द्वारा सौंपा गया संघ द्वारा यह कार्यक्रम संगठन के राष्ट्रीय आह्वान पर आयोजित किया गया। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष अमर शर्मा और कार्यक्रम प्रभारी शरद नायक सहित संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रीय एंव प्रदेश स्तर के 797 जिलों मे एक साथ पेंशन संवैधानिक मार्च का आयोजन जिला मुख्यालय स्तर पर किया गया, जिसके अंतर्गत शासन के समस्त विभाग स्वास्थ्य,शिक्षा,महिला बाल विकास, न्यायालय, उच्च शिक्षा, राजस्व ,वन ,आयुष ,कलेक्ट्रेट, सहित अन्य विभागों से अधिकारी एंव कर्मचारी हजारों की संख्या मे नजरबाग प्रांगण मे दोपहर 01 बजे उपस्थित हुये, जिसमें विभिन्न विभागो के प्रतिनिधि महेश अहिरवार, डॉ. योगेश यादव, श्रीमती रूपल जैन, कार्तिक खरे, खेमराज मांझी,धीरज मिश्रा, किरण कुमार खरे, प्रोफेशर डॉ. राम मनोहर, प्रोफेशर डॉ. सुमित बनर्जी, के.के.त्रिपाठी,जी.डी.कुशवाहा, श्रीमती अंजना प्रभाकर, श्रीमती अभिषेक चंद्र बागवार, अनूप शर्मा, अनिता सिसौदिया, जेके जैन, चंद्रिका प्रसाद समारी, अंकित खरे, शाहिद खांन द्वारा सभा के माध्यम से शासन को संदेश देते हुये नई पेंशन स्कीम की कमी एंव पुरानी पेंशन बहाली तत्काल किये जाने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये, तत्पश्चात् नजरबाग प्रांगण से रैली प्रारंभ हुई और नगर के विभिन्न मार्गो से पुरानी पेंशन के नारो की गूज के साथ लंबी कतार के साथ हजारों की संख्या मे महिला एंव पुरूष कर्मचारी हाथों मे तक्ती लेकर शासन को संदेश देते हुये पुरानी पेंशन बहाल करों नारे लगाते हुये पुन : नजरबाग प्रांगण पहुचे जहां कलेक्टर प्रतिनिधि आर.पी.तिवारी तहसीलदार को कार्यक्रम के जिला संयोजक शरद नायक एंव जिला अध्यक्ष अमर शर्मा सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा एक मात्र मांग पुरानी पेंशन बहाल किये जाने का ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम मे उपस्थित राजीव कुमार मिश्रा, रूद्र प्रताप सिंह शिवप्रताप सिंह बुन्देला, सुनील नामदेव, आशीष खरे,मुकेश खरे, मुकेश त्रिपाठी, राजीव विकास जैन, शरद रिछारिया, विजय रावत, अंशुल मिश्रा,अमित प्रजापति,अजय अहिरवार,नेहा आकाश पांडे, अभिलाषा खरे, पुष्पा यादव, चंद्रकला सलामे रीमा शर्मा, अपूर्वा राठौर, शल्पी खरे, राजकुमार चैरसिया, राजेश खरे, संतोष मिश्रा सहित आदि शामिल रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती, बूथों पर पुष्पांजलि कर किये श्रद्धासुमन अर्पित

**नर्मदा समय / नर्मदापुरम / प्रदीप गुप्ता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत 14 अप्रैल को भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के 1185 बूथों पर मनाई गई। भाजपा जिला कार्यालय के समीप स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये एवं बाबा साहब के जयघोष लगाए गए। इसके पश्चात पार्टी कार्यालय पर अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किये गये। नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि आज डॉ. अम्बेडकर जी की जयंती पर हम संकल्प लेते है कि भारत के संविधान का उन्होंने निर्माण किया, उस संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए सारे समाज एवं सारे राष्ट्र को साथ रखते हुए समरसता के भाव से बाबा साहब के सपनों को साकार करेंगे। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि जयंती पर सभी को शुभकामनाए दी। जिला महामंत्री मुकेशचंद्र मैना ने कहा कि बाबा साहब ने जैसे संविधान का निर्माण किया है।

## थाना माखन नगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ 5 किलो 270 ग्राम गांजा जप्त, आरोपी गिरफ्तार

नर्मदा समय, प्रदीप गुप्ता



नर्मदापुरम। पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन मे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सोहागपुर चौधरी मदन मोहन समर के नेतृत्व में थाना माखन नगर पुलिस द्वारा आरोपी छात्रपाल पिता शेरसिंह गुर्जर उम्र 45 साल निवासी ग्राम चौराहेट को अवैध मादक पदार्थ 05 किलो 270 ग्राम गांजा कुल कीमत 75,000 रूपये के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना माखन नगर पुलिस को विश्वनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चौराहेट का रहने वाला छात्रपाल पिता शेर सिंह गुर्जर निवासी ग्राम चौराहेट का भोपाल तरफ से अपने साथ थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर चौराहेट बेचने के लिए ला रहा है। शीघ्र धरपकड़ की जाये तो सफलता मिल सकती है। सूचना पर माखन नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये मुखबिर द्वारा बताये हुलिया अनुसार हाथ में एक कपड़े का बना थैला लिए हुये चौराहेट के अंदर गाँव तरफ जा रहा था जो पुलिस को देखकर घबरा कर भागने लगा जिसको तुरंत ही घेरा बंदी कर पकड़ा। जिसका नाम पूछने पर अपना नाम छात्रपाल पिता शेरसिंह गुर्जर उम्र 45 साल निवासी ग्राम चौराहेट का होना बताया जिसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 05 किलो 270 ग्राम गांजा कीमत 75000 रूपये के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये अपराध क्रमांक 188/2023 धारा 8/20 एन डी पी एस एक्ट का कायम कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। जप्त मशरुका :- अवैध मादक पदार्थ 05 किलो 270 ग्राम गांजा कुल कीमत 75,000 रूपये।

**वारदात का तरीका :-** आरोपी द्वारा अवैध मादक पदार्थ 05 किलो 270 ग्राम गांजा कुल कीमत 75,000 रूपये को भोपाल से लाकर बेचने की फिराक में था। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार कुमरे, उनि हरछठ ठाकुर, सउनि शिव दयाल साहू, प्र.आर. प्रीतम बावरिया, प्र.आर.दीपक जनौरिया आर.आयुष चौबे, आर. कपिल जाट, आर. महेंद्र सिंह धुर्वे, आर. रवि कुशवाह, आर.वीरेंद्र चौहान, चालक प्र. आर. मनीष पंडोले, महिला सैनिक सुनीता की मुख्य भूमिका रही।

## महिला पुलिस अधिकारी बनकर व्यापारियों को पुलिस केस में फंसाने की धमकी देकर व्यापारियों से धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### मध्य प्रदेश के कई जिलों में कर चुका है ऐसे अपराध


नर्मदा समय, प्रदीप गुप्ता



**इटारसी।** विदगत दिवस 07 अप्रैल को इटारसी के सराफा व्यवसायी चंद्रकुमार पिता स्व. भौरीलाल खण्डेलवाल उम्र 23 साल निवासी छोटा सराफा दुर्गा चौक ने थाना इटारसी में रिपोर्ट किया कि 22 मार्च को दोपहर करीब 1.30 बजे मेरे मोबाईल नंबर 9425644002 पर मोबाईल नंबर 8400430303 से एक महिला ने स्वयं को नर्मदापुरम की पुलिस एस आइ सरला यादव बताकर बोली मैने रूपा साहू नाम की महिला को पकड़ा है उसने कई जगह चोरी की है जिसमे से नारी के जेवर आपकी दुकान पर अदला बदली की है। आप रूपा साहू ने जो मंगलसूत्र आपको दिया है वह लेकर नर्मदापुरम लेकर आ जाओ। फरियादी ने नर्मदापुरम आने से मना किया तो उसने पंद्रह हजार रूपये एक बार कोड भेजकर मांगे, फरियादी ने घबराकर उस बार कोड पर दिनांक 22/03/23 को 12,000 रुपये तथा दिनांक 23/03/23 को 3,000 रूपये भेज दिये।

उसके बाद से लगातार और अधिक रुपयों कि मांग करने पर फरियादी ने थाना इटारसी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध शिकायत की है, जिस पर अपराध क्रमाक 273/ 2023 धारा 420 आइ पी सी पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। चूंकि मामला पुलिस अधिकारी बनकर व्यापारी से ठगी करने का होने से पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी इटारसी को निर्देशित करते हुये थाना प्रभारी थाना इटारसी को त्वरित कार्यवाही करने आदेशित किया गया। थाना प्रभारी थाना इटारसी द्वारा इस बावत तत्काल एक टीम का गठन कर अज्ञात आरोपी की तलाश व साक्ष्य संकलन कर शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए गए। जिसमे विभिन्न सूत्रों व मुखबिर तंत्र के माध्यम से तथा घटना स्थल के आसपास व स्टेशन के कई सी सी टी वी कैमरे से जानकारी प्राप्त की गई। जो पाया कि एक लड़का घटना दिनांक को इटारसी शहर में संदिग्ध घूम रहा था, जो ट्रेन से जबलपुर की तरफ गया है। जिसको तकनीकी साधनों का उपयोग कर लगातार पुलिस टीम द्वारा ट्रैक करने पर उक्त संदेही जबलपुर में रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध मिला। जिसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि वह मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में जा जाकर अपने पास का कुछ सामान अपनी मजबूरी बताकर बेच देता तथा दुकान पर लिखा व्यापारी का मोबाइल नंबर लिख लेता है, और कुछ दिन बाद उसी व्यापारी को महिला कि आवाज में फोन पर बातकर स्वयं की महिला पुलिस अधिकारी बताकर व्यापारी को कहता है कि मैंने एक चोर को पकड़ा है और आपकी दुकान पर उसने सामान बेचा है आपसे वह सामान जमा करना है, आप वह सामान लेकर आइए या उसके बदले में पैसे भेजिये नहीं तो आपके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। तब व्यापारी मामले में फसने से बचने के लिए डरकर पैसे उसके द्वारा भेजे गए क्यू आर कोड जो किसी दुकानदार का होता है पर पैसे भेज देते है। ऐसा ही आरोपी ने सराफा व्यवसायी चंद्रकुमार खंडेलवाल के साथ भी किया और श्री खंडेलवाल से इस बाबत 15000 रुपये जबलपुर के दुकानदार जिससे उसने 400 रुपये उधार लिए थे का भुगतान करने के नाम पर मंगवा लिए और व्यापारी का 400 रुपये कटवाकर बाकी रुपये इटारसी के एक आन लाइन दुकान के संचालक के क्यू आर कोड पर मंगवाकर उससे नगद प्राप्त कर लिए और जबलपुर चला गया था। आरोपी स्वयं को पुलिस महिला अधिकारी होने का व्यापारियों को विश्वास दिलाने के लिए संबंधित थाना का लैंडलाइन गूगल से लेकर उसपर महिला की आवाज में बात कर स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर व्यापारी के प्रकरण में चालान पेश करने की बात कहकर पुलिस वालों को व्यापारी के पास भेजता था। जप्त सामग्री घटना में प्रयुक्त मोबाइल- 2 नग मोबाइल, सिम 3 नग, नगद 4,500 रुपये, आरोपी का आधार कार्ड। नाम आरोपी संकेत पिता उमाशंकर यादव 21 वर्ष लिए मकान नं 3352 धापक वार्ड 30, 10. पाटन जिला जबलपुर। पुलिस टीम पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम, अति. पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम, एस डी ओ पी इटारसी के निर्देशन पर थाना प्रभारी रामस्नेही चौहान द्वारा ए एस आई संजय रघुवंशी, आरक्षक रमेश डिगरसे, आमा गजेद्र डडोरे, सायबर सेल के टी आई सुरेश फरकले, आर. सदीप, अभिषेक की टीम का गठन कर पटना का पर्दाफाश करने निर्देश दिये जो टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्य तथा अपने मुखबिर तंत्र का लगातार उपयोग करते हुये घटना के एक माह मे ही आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है।

# खजाने की सेहत



विदेशी मुद्रा भंडार की समृद्धि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओं से पार पाने की शक्ति प्रदान करती है। इसलिए इसमें कमी आने पर चिंता स्वाभाविक है। पिछले विावर्ष के आखिरी सप्ताह में भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में 32.9 करोड़ डालर की कमी दर्ज हुई। अब विदेशी मुद्रा भंडार 578.45 अरब डालर रह गया है। 2021 में जब कोरोना का व्यापक प्रभाव था और सारे कारोबार बंदी की मार झेल रहे थे, तब भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार का आकार बढ़ कर 645 अरब डालर तक पहुंच गया था। यह अब तक का उच्चतम स्तर है। मगर फिर दुनिया भर में मंदी की आहट सुनाई देने लगी और निवेश में सुस्ती नजर आने लगी, तब विदेशी मुद्रा भंडार छीजना शुरू हो गया। इस पर सबसे अधिक मार डालर के मुकाबले रुपए की कीमत गिरने से पड़ी। ताजा गिरावट के पीछे स्वर्ण आरक्षित भंडार में आई कमी को कारण बताया जा रहा है। हालांकि विदेशी मुद्रा भंडार में यह कमी ऐसी नहीं कही जा सकती, जिसे लेकर बहुत चिंता करने की जरूरत है। मगर यही रुझान बना रहा, तो निस्संदेह इसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। पिछले कुछ समय से आयात बढ़ने और डालर के मुकाबले रुपए की कीमत गिरने से लगातार विदेशी मुद्रा भंडार में कमी दर्ज हो रही है। दरअसल, विदेशी मुद्रा भंडार में मुय रूप से डालर संचित करके रखा जाता है, ताकि अगर कभी दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो तो जरूरी वस्तुओं के आयात पर असर न पड़े। इस भंडार में पैसा मुख्य रूप से विदेशी निवेश, प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजी गई रकम और निर्यात से हुई कमाई के जरिए आता है। पिछले साल दूसरे देशों, खासकर खाड़ी देशों में रोजगार के लिए गए लोगों ने एक सौ सात अरब डालर से अधिक पैसा भारत भेजा था। मगर इसके बरस सच्चाई यह भी है कि बढ़ती मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए अमेरिका सहित दूसरे देशों के केंद्रीय बैंक अपनी याज दरों में बढ़ोतरी कर रहे हैं, उससे विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से अपना पैसा निकाल कर उन देशों में निवेश करने को आकर्षित हो रहे हैं। फिर, निर्यात के मोर्चे पर अब भी कठिन चुनौतियां बनी हुई हैं। चूंकि तमाम देश आर्थिक मंदी झेल रहे हैं, इसलिए भारत से वस्तुओं का निर्यात नहीं कर रहे। इस तरह विदेशी मुद्रा की आवक कमजोर हुई है। इन्हीं स्थितियों के चलते प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी प्रभावित हुआ है। एक तरफ तो विदेशी मुद्रा की आवक कम हुई है, दूसरी तरफ हम बहुत सारी चीजों के लिए आयात पर निर्भर हैं। मसलन, पेट्रोलियम पदार्थों और दवा उत्पादन से जुड़े कच्चे माल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर हैं। फिर रूस और यूक्रेन युद्ध ने भी आपूर्ति शृंखला बाधित कर दी है। रुपए की तुलना में डालर की कीमत बढ़ने से बाहर से मंगाई जाने वाली वस्तुओं की कीमत अधिक चुकानी पड़ रही है।हालांकि भारत ने आयात पर निर्भरता कम करके अपना व्यापार घाटा पाटने में सफलता पाई है, मगर यह लंबे समय तक बरकरार रहने वाली प्रक्रिया नहीं है। आयात कम किया गया है, तो निर्यात में भी गिरावट दर्ज हुई है। इसलिए भी यह चिंता का विषय बन गया है कि अगर भारत अपने संचित विदेशी मुद्रा भंडार में से इसी तरह खर्च कर जरूरी चीजों का आयात करता रहा, तो आगे स्थितियां बहुत सहज नहीं दिख रहीं। दुनिया में अभी कम से कम एक साल और मंदी का वातावरण रहने का अनुमान है।

# ईर्ष्या से आगे बढ़ने का विचार कभी सुखद नहीं होता



डॉ प्रताप सिंह वर्मा

यह बड़ा सत्य है कि स्वार्थी एवं संकीर्ण समाज कभी सुखी नहीं बन सकता। इसलिए दूसरों का हित चिंतन करना भी आवश्यक होता है और उदार दृष्टिकोण भी जरूरी है। इसके लिए चेतना को बहुत उन्नत बनाना होता है। अपने हित के लिए तो चेतना स्वतः जागरूक बन जाती है, किन्तु दूसरों के हित चिंतन के लिए चेतना को उन्नत और प्रशस्त बनाना पड़ता है। लेकिन ऐसा नहीं होता। इसका कारण है मनुष्य की स्वार्थ चेतना। स्वार्थ की भावना बड़ी तीव्र गति से संक्रान्त होती है और जब संक्रान्त होती है तो समाज में भ्रष्टाचार, गैरजिम्मेदारी एवं लापरवाही बढ़ती है। हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अधिकार है। संसार में किसी के लिए भेदभाव नहीं है। जिस प्रगति में सहजता होती है, उसका परिणाम सुखद होता है। किसी को गिराकर या काटकर आगे बढ़ने का विचार कभी सुखद नहीं होता, काटने का प्रयास करने वाला स्वयं कट जाता है।

प्रगतिशील समाज के लिये प्रतिस्पर्धा अच्छी बात है, लेकिन जब प्रतिस्पर्धा के साथ ईर्ष्या जुड़ जाती है तो वह अनर्थ का कारण बन जाती है। संस्कृत कोश में भी ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा में थोड़ा भेद किया गया है, पर वर्तमान जीवन में प्रतिस्पर्धा ईर्ष्या का पर्यायवाची बन गई है। उसके पीछे विभिन्न भाषाओं में होने वाला गलाकाट विशेषण का प्रयोग इसी तथ्य की ओर संकेत करता है।

ईर्ष्यालु मनुष्य में सुख का भाव दुर्बल होता है। उसकी इस वृत्ति के कारण वह निरंतर मानसिक तनाव में जीता है। उसके संकीर्ण विचार और व्यवहार से पारिवारिक और सामाजिक जीवन में टकराव और बिखराव की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। आचार्य श्री तुलसी ने ईर्ष्या को असाध्य मानसिक व्याधि के रूप में प्ररूपित किया है, जिसका किसी भी मंत्र-तंत्र, जड़ी-बूटी व औषधि से चिकित्सा संभव नहीं है। ईर्ष्यालु मनुष्य स्वयं तो जलता ही है, दूसरों को जलाने का प्रयास भी करता है।

स्वामी रामतीर्थ ने ब्लैकबोर्ड पर एक लकीर खींची तथा कक्षा में उपस्थित छात्रों से बिना स्पर्श किए उसे छोटी करने का निर्देश दिया अधिकतर विद्यार्थी उस निर्देश का मर्म नहीं समझ सके। एक विद्यार्थी की बुद्धि प्रखर थी। उसने तत्काल खड़े होकर उस लकीर के पास एक बड़ी लकीर खींच दी। स्वामी रामतीर्थ बहुत प्रसन्न हुए। उनके प्रश्न का सही समाधान हो गया। दूसरी लकीर अपने आप छोटी हो गई। उन्होंने उस विद्यार्थी की पीठ थपथपायी और उसे आशीर्वाद दिया। रहस्य समझाते हुए उन्होंने कहा-अपनी योग्यता और सकारात्मक सोच से विकास करते हुए बड़ा बनना चाहिए। किसी को काटकर आगे बढ़ने का विचार अनुचित और घातक है।कभी हम अवसरों का इंतजार कर रहे होते हैं तो कभी नतीजों का। ये इंतजार जितना लंबा होता है, बेचैनी उतनी बढ़ती जाती है। पर यहीं जरूरत होती है, चलते रहने की, काम करने की, और नया सीखने की। कवि युआन वूल्फंग वॉन गोइठा कहते हैं कि मायने इस बात के नहीं हैं कि लक्ष्य हासिल करके हमें क्या मिला? मायने इस बात के हैं कि हम उन्हें हासिल करने की प्रक्रिया में क्या बन गए हैं?

हम अपने मन की कम जीते हैं, दूसरों की परवाह ज्यादा करते हैं। यही वजह है कि हम अकसर नाखुश दिखते हैं। तो क्या करें? कहा जाता है कि हमेशा अच्छे मकसद के लिए काम करें, तारीफ पाने के लिए नहीं। खुद को जाहिर करने के लिए जिएं, दूसरों को खुश करने के लिए नहीं। ये कोशिश ना करें कि लोग आपके होने को महसूस करें। काम यूं करें कि लोग तब याद करें, जब आप उनके बीच में ना हों।

जब जिंदगी सही चल रही होती है तो हर चीज आसान लगती है। वहीं थोड़ी सी गड़बड़ होने पर हर चीज कठिन। या तो सब सही या सब गलत। संतुलन बनाना हमारे लिए मुश्किल होता है। लेखक जेम्स बराज कहते हैं, 'आज में जिएं। याद रखें कि वक्त कैसा भी हो, बीत जाता है। अपनी खुशी और गम दोनों में खुद पर काबू रखें।'

तरक्की की यात्रा अकेले नहीं हो सकती। जरूरी है कि आप अपने साथ दूसरों को भी आगे ले जाएं। उनके जीवन पर अच्छा असर डालें। इसके लिए बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं होती। कितनी ही बार आपकी एक हंसी, एक हामी, छोटी सी मदद दूसरे का दिन अच्छा बना देती है। अमेरिकी लेखिका माया एंजेलो कहती हैं, 'जब हम खुशी से देते हैं और प्रसाद की तरह लेते हैं तो सब कुछ वरदान ही है।' सामुदायिक चेतना और सकारात्मकता का विकास हो, सबका प्रशस्त चिंतन हो, स्वयं और समाज के संदर्भ में तब कहीं जाकर समाज का वास्तविक विकास होता है। आज राष्ट्र का और पूरे विश्व का निरीक्षण करें, स्थिति पर दृष्टिपात करें तो साफ पता चल जाएगा कि लोगों में स्वार्थ की भावना बलवती हो रही है। लेकिन मनुष्य की मनोवृत्ति है कि वह ईर्ष्यालु होता है।



आपके अपने जब आपसे ज्यादा तरक्की करने लगते हैं, जिंदगी में आगे बढ़ा रहे होते हैं तो आप अच्छा महसूस नहीं करते हैं और ये कसक होती है कि ऐसा हमारे साथ क्यों नहीं हुआ? कैसे इस ईर्ष्या को कम करें, थ्री इडियट फिल्म का एक लोकप्रिय संवाद था, अगर आपका दोस्त फेल होता है तो आपको बुरा लगता है, पर वही दोस्त अगर फर्स्ट आता है तो और भी बुरा लगता है।

मानव व्यवहार के इस आयाम पर मनोवैज्ञानिक सलाहकार डॉ. दीपाली एस कहती हैं, 'जो आपके बहुत निकट होते हैं, उनका दुख चोट पहुंचाता है। अगर परिवार का कोई सदस्य या दोस्त मुसीबत में हो तो आप तुरंत उसकी मदद को पहुंच जाते हैं। पर जब वह तरक्की करता है, आपसे ज्यादा कमाने लगता है तो अधिकांश लोगों की सोच बदलने लगती है। यह एक मानवीय गुण है कि हम हमेशा अपने आपको दूसरों से आगे देखना चाहते हैं। चाहते हैं कि आसपास सबसे अधिक इज्जत हमारी हो। हमारे दिमाग में यह बात घर कर गई है कि जो ज्यादा कमाता है, अच्छी जीवनशैली जीता है, परीक्षा में अव्वल आता है, वो सफल है। जबकि हमें जिंदगी की सफलता दूसरी बातों में ढूंढ़नी चाहिए।'

जिंदगी के इस फलसफे के बारे में प्रसिद्ध चिंतक एलेक्स टर्नबुली कुछ इस तरह से कहते हैं, 'मैं कुछ सालों पहले तक हर उस व्यक्ति को अपना दुश्मन मानता था, जो मुझसे अधिक सफल था। मैंने इस चिंता में बहुत कुछ गंवा डाला। हर वक्त दिमाग में यही झंझावात चलता कि किस तरह मैं दूसरों से आगे निकल सकूं। इस दौड़ ने मुझे कहीं का नहीं रखा। मेरे साथ ना दोस्त रहे ना परिवार वाले। फिर एक दिन यह समझ में आया कि अपना सबसे बड़ा दुश्मन तो मैं खुद हूं। उस दिन से पाया कि मेरे रिश्ते दूसरों से सुधरने लगे हैं। मैंने अपनी चिंता करनी छोड़ दी। इससे मेरा ध्यान दूसरे क्या करते हैं, इससे भी हट गया।'

ईर्ष्या एक बहुत मानवगत भाव है। अमेरिकी मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. अल्बा रूपर्ड कहते हैं, 'अगर आप किसी से या किसी बात पर ईर्ष्या करते हैं तो यह कतई नहीं है कि आप खलनायक हो जाते हैं। पर यह समझना जरूरी है कि इस भाव को दूर कैसे रखा जाए।

# वर्तमान शिक्षा एवं प्राचीन शिक्षा पद्धति पर विचार

**शिक्षा का सही मायने अर्थ 'सीखना' है, जिससे मानव का विवके, चेतना, अच्छे- बुरे की समझ जागृत होती है शिक्षा का उद्देश्य सच्चाई को प्रकट करना तथा व्यावहारिक एवं सामाजिक जीवन में हर प्रकार की सहायता प्रदान करना है। महान व्यक्तियों के अनुसार सच्ची शिक्षा पुस्तकें पढ़ने में नहीं अपितु चरित्र संगठन में है। मानव उच्चतम पुरूषार्थ को सिद्ध कर लेने के योग्य बनाना ही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। उस ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए जो उसके मन में 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना जागृत करने वाली हो। प्राचीन भारत में यह शिक्षा नगर के कोलाहल और कलह से दूर सघन वनों में स्थित महर्षियों के गुरूकुलों और आश्रमों में दी जाती थी। छात्र पूरे पच्चीस वर्ष की आयु तक गुरू के चरणों की सेवा करता हुआ विद्याध्ययन करता था। यहां उसका सर्वांगीण विकास होता था।**

नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय उस समय देश के प्रमुख शिक्षा केन्द्र थे। फिर विदेशी आक्रमणों से देश की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हुई और पूर्ण भारतीय शिक्षा प्रणाली का स्थान मध्य युगीन उर्दू-फारसी मिश्रित शिक्षा व्यवस्था ने ले लिया।

बाद में भारत में पश्चिम का राजनैतिक प्रभाव तेज गति से फैल गया। सम्पूर्ण भारत अंग्रेजी शासकों का वर्चस्व हो गया। अंग्रेजों ने अपने शासन को स्थायी बनाने के लिए अंग्रेजी शिक्षा देने की व्यवस्था की।

सन् 1828 मे मैकाले द्वारा चालू की गई शिक्षा प्रणाली जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक क्लर्क बनाना था। यह नीति सम्पूर्ण ब्रिटिश शासन काल में लागू रही। जिसके अवशेष आज तक भारतीय शिक्षा प्रणाली में जीवित हैं जिससे आज भी हमारी शिक्षा दोषपूर्ण तथा अव्यावहारिक प्रमाणित हो रही है।



आशीष भदौरिया, मासाब

मैकाले द्वारा प्रतिपादित शिक्षा प्रणाली ने जहां अंग्रेजों की स्वार्थ-सिद्धि में सहायता की, वहीं भारतीयों का आत्मनिर्भरता की भावना तथा चरित्र निर्माण से दूर कर केवल उदरपूर्ति के लिए संघर्षरत बना दिया।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से भारत सरकार ने निरन्तर शिक्षा पद्धति में सुधार के प्रयत्न किये तथा इस दूषित शिक्षा प्रणाली पर अनेक चर्चायें और विचार-विमर्श हुए. कई प्रकार के आयोग बैठाये गये और उनकी अनुशंशा के अनुरूप समय-समय पर अनेक परिर्वतन हुए, लेकिन मूल ढांचे में विशेष परिवर्तन नहीं हो पाया। आज भी हमारी शिक्षा उन्हें विविध विषयों का सैद्धान्तिक ज्ञान तो देती है, पर उन्हें किसी प्रकार स्वावलम्बी नहीं बना पाती है।

इस शिक्षा व्यवस्था से विद्यार्थी का स्नातक बनने में कुल 15 वर्ष का समय लगता था, किन्तु स्नातक बनने से पहले उसके सामने दो बार अर्थात् 10 वर्ष की शिक्षा समाप्त कर या 10+2 अर्थात् 12 वर्ष की शिक्षा समाप्त कर जीविका उर्पाजन करने की योग्यता व क्षमता प्राप्त होती थी। 12 वर्ष के बाद स्नातक के लिए तीन वर्षो की शिक्षा को इस प्रकार सीमित किया गया था।

दस वर्ष की शिक्षा अर्थात् माध्यमिक शिक्षा के बाद दो वर्ष की अतिरिक्त पढ़ाई में जिसे उच्च माध्यमिक शिक्षा कहा गया, व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया जाता था. इस व्यावसायिक शिक्षा को प्राप्त कर छात्र अपना रोजगार करने में समर्थ होते थे।

इस उच्च माध्यमिक परीक्षा के बाद विश्वविद्यालय की तीन वर्ष की शिक्षा के लिए केवल चुने हुए योग्य छात्र ही लिए जाते थे। सामान्य औसत छात्र की शिक्षा 10+2 के बाद ही समाप्त हो जाएगी। इंजीनियरिंग, डॉक्टरी या अन्य इस प्रकार की विशेष शिक्षा की संस्थाओं में 10+2 के बाद प्रवेश मिल सकेगा।

यह पद्धति लंबे समय तक चलती रही और इसमें कोई विशेष परिवर्तन नहीं किया है लेकिन साल 2020 में भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति जारी की, जिसमें वर्तमान शिक्षा प्रणाली के आधारभूत संरचना में कई परिवर्तन किए गए हैं।

भारत की नई शिक्षा नीति के प्रमुख तथ्य

भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में कुछ सुधार कर इसे लागू किया गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी किए गए सस्टेनेबेल डवनपमेंट गोल को केन्द्र में रखा गया है। इस गोल को पूरा करने के लिए नीति में वर्ष 2030 का लक्ष्य तय किया गया है।

शिक्षा के पैटर्न में बड़ा बदलाव-इस नीति में वर्तमान में लागू 10+ 2 स्कूली शिक्षा के स्थान पर 5+3+ 3+ 4 की एक नयी व्यवस्था लागू करने की बात की गई है। इसमें पहले 5 वर्ष में 3 वर्ष आंगनवाड़ी और शेष 2 साल में कक्षा 1 व 2, अगले तीन वर्ष में कक्षा 5 तक और उससे अगले 3 वर्ष में कक्षा 8 तथा शेष 4 वर्षों में कक्षा 12 तक की शिक्षा उपलब्ध करवाई जायेगी।

शुरूआती शिक्षा के लिये श्वष्टष्टश्व पर जोर दिया गया है। इसके लिये पाठ्यक्रम तैयार करने का काम एक NATIONAL EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (ECCE) CURRICULUM FRAMEWORK बनाया जाएगा। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में इसे लागू करने के लिए आश्रमशालाओं की शुरूआत की जाएगी।

शिक्षक–विद्यार्थी अनुपात नई शिक्षा प्रणाली में यह सुनिश्चित किया जायेगा। प्रत्येक स्कूल में शिक्षक–विद्यार्थियों का अनुपात 30:1 से कम हो और सामाजिक–आर्थिक रूप से वंचित बच्चों की अधिकता वाले क्षेत्रों 25:1 से कम हो। भारत सरकार के दीक्षा पोर्टल पर बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित गुणवत्ता वाले संसाधनों का एक राष्ट्रीय भंडार उपलब्ध करवाया जायेगा।

देश भर में आईआईटी, आईआईएम की तर्ज पर ही समकक्ष बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय भी विकसित किये जाएंगे। साथ ही विभिन्न भाषाओं के विकास के लिये एक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन ( आईआईटीआई ) स्थापित होंगे।

नीति के विभिन्न लक्ष्यः- 2030 तक 100 प्रतिशत युवा और प्रौढ़ साक्षरता की प्राप्ति करना, 2040 तक सभी शिक्षार्थियों के लिये गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं शिक्षा प्रणाली की सर्वोच्च प्राथमिकता 2025 तक प्राथमिक विद्यालयों में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान को प्राप्त करना होगा।

वर्तमान शिक्षा पद्धति से अनेक प्रकार के लाभ हैं। इससे न केवल समूचे देश में शिक्षा का स्तर समान हो सकेगा अपितु 12 वर्ष की शिक्षा के बाद विद्यार्थी किसी न किसी व्यवसाय को अपना सकेगा और विश्वविद्यालयी शिक्षा में भीड़ कम हो सकेगी.

किन्तु यह सफलता तभी मिल सकेगी जब इसके साथ अन्य सुधार जैसे परीक्षा प्रणाली में सुधार, योग्य प्रशिक्षित शिक्षक, पर्याप्त मात्रा में धन राशि जिससे उपकरण, सहायक सामग्री आदि उपलब्ध हो सकें और सबसे अधिक आवश्यक है दृढ़ संकल्प तथा राष्ट्र अग्रणी बनाने की भावना के संचार हो सके।



## वर्ग पहेली 4976

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | ■ | 9 | | |
| | ■ | 10 | | 11 | | ■ | |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | 17 | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | 21 |
| 22 | | 23 | | | | ■ | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 27 अगस्त 1976 की वो बेरहम शाम जब कायनात ने इस प्रसिद्ध पार्श्व गायक को हमसे छीन लिया (3)
4. लिखने वाला, लेखक (3)
7. समालापक, गायक, आलाप लेने वाला (4)
9. मध्यप्रदेश के अंचलों में से एक जहां लता मंगेशकर की जन्म भूमि है (3)
10. उड़ानहीन पक्षी (4)
12. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
14. ईश्वर, प्रभु (3)
16. कौच, किसी को बैठने के लिए बनाया गया एक वस्तु (2)
18. मर्यादा, गौरव, दृढ़ प्रतिज्ञा (2)
19. जालिम, अन्यायी (5)
22. उपहार में देना, रिश्वत देना (6)
24. कोमल, मुलायम, मृदुल (3)
25. पिरोना, नत्थी करना, वशाधीन करना, बस में करना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. निरीक्षण, परीक्षण (उर्दू)(4)
2. इस फल को कदरी या कदली भी कहते है (2)
3. शपथ ग्रहण करने वाला, शपथ ग्रहीता, शपथी (5)
4. कामेश्वरी देवी का एक नाम, तंत्रोक्त की एक देव की मूर्ति (3)
5. शरीर पर काले रंग का ऊभरा हुआ दाग या धब्बा (2)
6. यह रोग पाइल्स भी कहलाता है (4)
8. बीता या आने वाला दिन (2)
11. क्षण, लम्हा (2)
13. वह व्यक्ति जिसकी दृष्टि बुराई पर न पड़े (5)
15. काव्य मर्मज्ञ (3)
16. गुजरात में स्थित बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
17. होलिकात्सव पर गाया जाने वाली गीत (2)
18. मुंखमंडल, चेहरा (3)
20. सद्गति प्राप्त करना (3)
21. जले या कटे हुए कपड़े को तागे से भरकर उसे बराबर करना (2)
23. प्रेमकर्ता, प्रसन्ताप्रद (2)

## वर्ग पहेली 4975 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | ■ | रो | च | ना |
| शो | ला | ■ | या | द | क | र | ना |
| क | ■ | अ | प | ना | ■ | क | ■ |
| कु | रू | ■ | ल | द | ना | ■ | शै |
| मा | प | ■ | ट | न | क | ना | ■ |
| र | व | ■ | ■ | ■ | ■ | ते | ज |
| ■ | ती | ज | न | बा | ई | ■ | ल |
| ■ | ■ | या | द | बू | द | ■ | ना |

# यूपी में माफिया घुटनों के बल आने पर मजबूर

(प्रभुनाथ शुक्ल-हिफी फीचर)

उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टोलरेंस नीति अतीक जैसे माफिया को घुटनों के बल आने पर मजबूर कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छबि पूरे देश में एक अलग तरह के तटस्थ शासक के रूप में उभरी है। अपराधियों में मुख्यमंत्री की इस नीति को लेकर खौफहै। किसी भी घटना को अंजाम देने से पहले अपराधी और दंगायियों को 100 बार सोचना पड़ता है। यही कारण है कि रामनवमी जैसे पवित्र दिवस पर पश्चिम बंगाल, बिहार और दूसरे राज्यों में आगजनी और हिंसा की घटनाएं हुई, लेकिन उत्तर प्रदेश में इस तरह की कोई वारदात नहीं हुई। योगी की कार्यशैली को लेकर पूरे देश में सियासी बहस छिडी है। माफिया अतीक के बेटे असद और उसके शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर ओवैसी, अखिलेश यादव धर्म और मजहब का तड़का लगा रहे हैं। निश्चित रूप से सवाल उठाना विपक्ष का राजनीतिक धर्म है लेकिन अपराध और माफिया को राजनीतिक संरक्षण देना कहां की नीति है। धर्म और जाति को हम वोट बैंक का सहारा कब तक बनाएंगे?



प्रयागराज में बसपा विधायक रहे राजूपाल की हत्या के चश्मदीद गवाह उमेश पाल की फरवरी के अंतिम सप्ताह में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पूरे प्रदेश में सियासी माहौल गर्म हो गया। योगी सरकार पर लोग सवाल उठाने लगे थे। प्रदेश को माफिया मुक्त करने का दावा खोखला साबित हो रहा है। अतीक जैसे माफिया जेल में होने के बाद भी खुली सड़क पर निर्दोश लोगों की हत्या करवा रहे हैं। पुलिस को भी निशाना बनाया जा रहा है। इस घटना में दो निर्दोश गनर भी हत्या के शिकार हुए। सरकार की बुलडोजर नीति और अपराध मुक्त प्रदेश को लेकर कटघरे में खड़ा किया जाने लगा। इस घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने खुद विधानसभा में ऐलान किया कि अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे। जब अतीक जैसे माफिया के खिलाफ सरकार एक्शन मोड में आ गई तो विपक्ष फ्रि वोट बैंक के डर से धर्म और मजहब की आड़ लेने लगा। उमेशपाल की हत्या पर जो समाजवादी पार्टी घड़ियाली आंसू बहा रहीं थी, वहीं अतीक के खिलाफकार्रवाई पर सियासी राग अलापने लगी।

योगी के एनकाउंटर नीति पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या उत्तर प्रदेश में कानून और संविधान को खत्म कर देना चाहिए। ओवैसी सवाल उठा रहे हैं कि संविधान और कानून का क्या मतलब है। फिर अदालत और जज जैसे पद को खत्म कर दिया जाना चाहिए। अपराधियों को सजा देने के लिए अदालत और संविधान है। एनकाउंटर कहीं का इंसाफ नहीं है। बिल्कुल सच है। ओवैसी की बात में दम है। हम भी यही चाहते हैं कि पुलिस किसी को भी फर्जी एनकाउंटर में न मारे। ओवैसी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून का एनकाउंटर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी एनकाउंटर को फर्जी बताया। उनकी निगाह में सही गलत का फैसला सत्ता नहीं करती। हम अखिलेश यादव और ओवैसी की बातों से बिल्कुल सहमत हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। फिर अतीक ने उमेशपाल की हत्या क्यों करवाई क्या ऐसा होना चाहिए था। अगर नहीं तो उस समय ओवैसी क्यों चुप थे। उमेश पाल पर गोलियां चलाने वाले असद का फुटेज देखकर ओवैसी और अखिलेश ने कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं जतायी थी?

योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को एनकाउंटर प्रदेश बना दिया है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में 10713 से भी अधिक एनकाउंटर हुए है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश शायद इस तरह का इकलौता प्रदेश है। एनकाउंटर में 183 से अधिक अपराधियों का सफाया हुआ, जिसमें मेरठ पुलिस ने सबसे अधिक 3152 एनकाउंटर किए हैं। निश्चित रूप से हम एनकाउंटर नीति की मुखालफत करते हैं। एनकाउंटर किसी समस्या का समाधान नहीं है। अपराधियों को खुद को बेगुनाह साबित करने का अवसर मिलना चाहिए। संविधान और कानून को सत्ता के पैरों तले दफन नहीं किया जाना चाहिए। मानवीय अधिकारों की पूरी तरह रक्षा होनी चाहिए। हम अखिलेश यादव और ओवैसी की बातों से सहमत हैं लेकिन हम अपराध और अपराधियों के राजनीतिक संरक्षणवादी नीति के भी बिलकुल खिलाफ हैं।

सवाल यह भी उठता है कि ओवैसी को उस दौरान मजहब क्यों नहीं दिखता। उस दौरान संविधान की याद क्यों नहीं आती। उस दौरान मजहब कहाँ चला जाता है जब हैदराबाद में एक डॉक्टर बेटी से बलात्कार होता है। बाद में आरोपियों का एनकाउंटर कर दिया जाता है। उत्तर प्रदेश में 40 सालों तक अतीक अहमद का माफिया राज चलता है। हजारों लोग उसके अपराध की भेंट चढ़ते हैं। बसपा विधायक रहे राजूपाल की हत्या के बाद खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए चश्मदीद गवाह उमेशपाल की प्रयागराज में हत्या कर दी जाती है। लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जा किया जाता है। फ्रि उमेश और राजूपाल की हत्या के समय उन्होंने सवाल क्यों नहीं उठाया। उस समय उनका धर्म और मजहब क्यों नहीं जागा। संविधान और न्याय की बात कहां चली गई।

योगी सरकार के एनकाउंटर पर सवाल उठाने वाले लोग 40 साल तक अतीक के माफिया राज पर मौन धारण किए थे। 100 से अधिक मुकदमों के बाद भी किसी अदालत की तरफ से उसे नोटिस तक नहीं दी गई। योगी सरकार में 40 साल के अपराध के बाद पहली बार अतीक और उसके गुर्गे पर शिकंजा कसा तो धर्म और मजहब याद आने लगा। निश्चित रूप से आम लोगों की माफियाओं और गुंडे-बदमाशों से कोई सहानुभूति नहीं है। अतीक जैसे बाहुबली को पांच-पांच बार विधायक और सांसद बनाया गया। इस तरह के अपराधी को सियासी संरक्षण क्यों मिलता रहा। क्या मुसलमान अतीक को पसंद करता है। क्या अतीक के गुनाहों से आम मुसलमान पीड़ित नहीं था।अतीक क्या सिर्फ मजहब और धर्म के आधार पर लोगों की जमीनों पर कब्जा और हत्याएं करता था। मीडिया रिपोर्ट से खुलासा हो रहा है कि उसके संबंध माफिया डॉन अबू सलेम और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई एवं लश्कर-ए-तैयबा से भी हैं। हालांकि इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

# बैसाखी का पर्व , खालसा पंथ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





नर्मदा समय / प्रदीप गुप्ता

नर्मदापुरम ।आज शुक्रवार को मां नर्मदा नदी के मंगलवारा घाट स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब में खालसा पंथ की स्थापना दिवस और बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इसके पूर्व बुधवार को नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें समाज के नन्हे बच्चों को पंज प्यारे बनाया गया और गुरु मर्यादा के साथ नगर कीर्तन निकाला गया।

नगर कीर्तन का नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर नगर के श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह गुरुद्वारा मंगलवारा घाट से आरंभ हुआ , मेन बोड स्कूल से तार अहाता, हलवाई चौक ,इंदिरा चौक , गांधी पार्क होते हुए एकता चौक, मोरछली चौक , सराफा चौक से वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचा और अरदास के बाद समाप्त हुई।

बैसाखी पर्व के अवसर पर बुधवार को सुबह 10 बजे से सुखमणि साहब का 51 लड़ीबार पाठों की आरमभता की गई। सिख समुदाय के श्रद्धालुओं द्वारा लगातार पाठ साहिब में अपनी सेवाएं देते हुए आज बैसाखी पर्व पर सुबह 10:00 बजे पाठ साहिब की समाप्ति हुई, स्त्री सत्संग द्वारा शब्द कीर्तन का वाचन कर संगत को निहाल किया गया। इस अवसर पर सामाजिक बच्चों ने संस्कृति , धार्मिक पाठ कर अपनी प्रतिभा दिखाई, उन्हें सम्मानित भी किया गया।

1:00 बजे देश की खुशहाली , सुख समृद्धि के लिए अरदास की गई । प्रसाद वितरण उपरांत गुरु का लंगर अटूट वरता। बड़ी संख्या में नगर के विभिन्न समुदायों के श्रद्धालुओं ने गुरूद्वारा साहिब में माथा टेका और लंगर, प्रसाद ग्रहण किया।

## स्वदेश शर्मा सिवनी मालवा नगर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

नर्मदा समय, अरुण कश्यप



**सिवनी मालवा।** मालवा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी व तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा की सहमति से नर्मदापुरम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल ने सिवनी मालवा नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर युवा नेता स्वदेश शर्मा की नियुक्ति की है । नवनियुक्त सिवनी मालवा नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस संगठन नेतृत्व ने मुझे जो महत्ती जिम्मेदारी सौंपी है उसके प्रति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, जिला संगठन प्रभारी संजय शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल, प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल, राधेश्याम पटेल, कमल रघुवंशी, समीर शर्मा, विजयबाबू चौधरी, जितेंद्र सोलंकी, अजय पटेल, मुकेश रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल, गोपाल कृष्ण शर्मा सभी कांग्रेस परिवार का आभार व्यक्त करता हूं।

## सम्मान समारोह के साथ होगा ब्राह्मण वाहन रैली का समापन



**प्रदीप गुप्ता/ नर्मदापुरम।** भगवान परशुराम जन्म उत्सव मनाए जाने के संबंध में पूर्व में रखी गई बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार दिनांक 20 अप्रैल को वाहन रैली निकाली जाएगी। जिसके तहत उक्त दिनांक को साई काल 4:00 बजे श्री हनुमान मंदिर मंगलवारा घाट से वाहन रैली का शुभारंभ होगा, जिसका समापन हैप्पी मैरिज गार्डन में सम्मान समारोह के साथ होगा। उक्त जानकारी देते हुए वाहन रैली के प्रभारी अरुण दीक्षित ने बताया कि समाज सेवा में अपना किरदार निभाने वाले समाज सेवियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 20 अप्रैल को दोपहर 2ः00 मातृशक्ति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दिनांक 21 अप्रैल को सेठानी घाट से शोभा यात्रा एवं 22 अप्रैल को श्री गोपाल मंदिर में भगवान परशुराम जी का पूजन अभिषेक आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।समिति के सदस्य केके थापक, अशोक दीबोलिया, दिनेश तिवारी, रामकुमार, जगदीश मिश्रा, केके शर्मा, विनोद दुबे, मुन्ना उपाध्याय, मनीष दुबे, विक्की दिबोलिया, रवि दुबे सहित सभी सदस्यों ने धर्म प्रेमी जनता एवं मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जुलूस का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया



**प्रदीप गुप्ता/ नर्मदापुरम।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नर्मदापुरम नगर द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जुलूस का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## माँ नर्मदा जल सेवा समिति के द्वारा बानापुरा रेलवे स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा शुरू



**अरुण कश्यप/ बानापुरा।** सिवनी मालवा की उप नगरी बानापुरा रेलवे स्टेशन पर हर साल की तरह इस वर्ष भी मां नर्मदा जल सेवा समिति बानापुरा रेलवे स्टेशन के द्वारा यात्रियों को निशुल्क जल सेवा प्रदान की जा रही है। समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 11 वर्षो से बानापुरा रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाली गाड़ियों पर गर्मियों में समिति के द्वारा निशुल्क जल पिलाया जाता है। साथ ही यात्रियों के पास तक जल सेवा पहुंचाई जाती है। इस कार्य में शहर के नागरिक एवं फाइल मोहल्ला दफाई मोहल्ला नीचे बाजार एवं बानापुरा शहर के युवा सहयोग करते हैं एवं निशुल्क जल पिलाने के लिए युवा बढ़-चढ़कर अपना सहयोग प्रदान करते हैं। इस कार्य में रेलवे प्रबंधक एवं आरपीएफ का भी सहयोग मिलता है एवं उन्हीं की अनुमति लेने के बाद में निशुल्क जल पिलाने का कार्य एवं यात्रियों तक जल पहुंचाने का कार्य को किया जाता है । सदस्य पहले पत्र के माध्यम से रेलवे सुरक्षा बल एवं रेलवे प्रबंधक को सूचित किया जाता है जिसके बाद निशुल्क जल वितरण किया जाता है। समिति के समस्त सदस्य निशुल्क जल सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देते हैं। समिति में मुख्य रूप से आशिक खान दीपक गायकवाड राकेश सरियाम मनोज गनगोरे, शाहिद खान मंसूरी, गणेश गौर, शुभम केवट, मुकेश अग्रसेन, सुरेंद्र ठाकुर, अज्जू पठारिया, राजा नागेश्वर, वरुण चंद्रवंशी, फिरोज खान आदि उपस्थित रहते हैं ।

## सिवनी मालवा में सड़क निर्माण कार्य चालू



नापा अध्यक्ष रितेश जैन ने दी बड़ी जानकारी 200 करोड़ रुपए मिलेंगे सड़क निर्माण के लिए

**अरुण कश्यप/ सिवनी मालवा।** नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क निर्माण का कार्य एवं सड़कों के गड्ढे भरने का कार्य मजबूती से किया जा रहा है । सड़क निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा किया जाऐंगे सड़क निरुवल कार्य 70 परसेंट किया जा रहा है ।जिससे नागरिकों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े वही नपा अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान मंदिर से होशंगाबाद नाका बानापुरा तक कार्य शुरू किया जा रहा है । शहर की सड़क बहुत ही जर्जर हालात में हो गई थी जिसको करना बहुत ही आवश्यक था । इसीलिए शहर के मुख्य मार्ग को बनाने का कार्य शुरू किया गया है । जिससे की आम जनता एवं स्कूली बच्चे वाहन चालकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना उठाने पड़े वही नापा अध्यक्ष रितेश जैन ने बड़ी जानकारी देते हुए बताया है कि माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद राव उदय प्रताप, विधायक प्रेम शंकर वर्मा एवं नपा अध्यक्ष के अथक प्रयासों से रोड निर्माण के लिए 200 करोड़ की राशि स्वीकृत करवाई है ।यह राशि 3 महीने के अंदर मिलने की संभावना है । 200 करोड़ की राशि मिलते ही पक्की नाली सीमेंट की रोड एवं फोरलेन का काम किया जाएगा बाईपास पर यह कार्य किया जाना है ।बाईपास पर गड्ढे भरने एवं निर्माण कार्य शुरू किया गया है। मुख्य रोड के गड्ढों के भरने के बाद पक्की सड़क निर्माण की भी योजना नपा अध्यक्ष के द्वारा की जाएगी एवं इसकी स्वीकृति की भी जानकारी उन्होंने आज दी है । जल्द ही शहर को गड्ढा मुक्त किया जाएगा जिससे कि यातायात में किसी भी प्रकार की असुविधा एवं एक्सीडेंट जैसी घटनाओं का सामना ना करना पड़ेगा ।

## आयुष्मान भारत योजना में नि :शुल्क चिकित्सा का प्रावधान

**नर्मदा समय /नर्मदापुरम/ प्रदीप गुप्ता ।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत भवन संनिर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क चिकित्सा का प्रावधान किया गया है। श्रम विभाग ने बताया कि जिले में श्रमिकों का पंजीयन कर आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क चिकित्सा का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना में प्रत्येक परिवार को प्रति व्यक्ति वर्ष में 5 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क चिकित्सा के लिए नजदीकी आयुष्मान पंजीयन केन्द्र, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केन्द्र और एमपी ऑनलाइन केन्द्र पर जाकर पंजीयन कराया जा सकता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए जानकारी प्राप्त करने के लिए विभागीय पोर्टल पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## सिवनी मालवा पुलिस ने शातिर वाहन चोरों को पकड़ा




सिवनी मालवा। सिवनी मालवा थाना पुलिस द्वारा वाहन चोरों को पकड़ा एवं वाहन जप्त किए सिवनी मालवा में एक के बाद एक दोपहिया वाहनों की चोरी होने की घटनाएं हो रही थी । ताजा घटनाक्रम में पंकज वर्मा प्रेस फोटोग्राफर बलराम पटेल कॉलोनी निवासी सिवनी मालवा के मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 05 एमबी 7125 भीलट बाबा पार्क के सामने वाले गेट से चोरी हुई थी। जिसकी शिकायत थाना सिवनी मालवा में की गई एवं 10 अप्रैल को नारायण साध पिता ओमप्रकाश साध उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम चौतलाए यह मोटरसाइकिल तहसील कार्यालय के अंदर से चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। नर्मदापुरम जिला पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी पुलिस के नेतृत्व में थाना सिवनी मालवा पुलिस द्वारा शातिर वाहन चोरों को पकड़ा गया । गिरफ्तार आरोपी गण प्रदीप माणिक पिता नंदकिशोर माणिक एसबीआई कॉलोनी सिवनी मालवा एवं बेटी उर्फ मोहित साहू पिता गोविंद साहू नंदर वाड़ा रोड कॉलोनी सिवनी मालवा।

**वारदात करने का तरीका :** नकली चाबी से मोटरसाइकिल के लॉक खोल कर चोरी करना । सहयोगी पुलिस टीम थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला उपनिरीक्षक प्रवीण मालवीय आरक्षक ओम आरक्षक अतुल संदीप एवं आरक्षक ललित की अहम भूमिका रही ।

## शराबियों से सफाई कर्मचारी परेशान खुले गड्ढे में फेंक देते हैं शराब की बोतले एवं डिस्पोजल पाउच

नर्मदा समय, अरुण कश्यप




**सिवनी मालवा।** बानापुरा में खुले गड्ढों में शराब की बोतलें एवं डिस्पोजल शराबियों के द्वारा फेंका जाता है । जिससे सुबह जब सफाई कर्मचारी काम पर जाता है तो उसके काम पर दोहरी मार पड़ रही है मध्यप्रदेश में शराब दुकानों पर जो आहतें खोले गए थे। उन्हें बंद कर दिया गया है आहातो के बंद होने से शराबियों खुलेआम शराब पी रहे हैं एवं जहां-तहां बैठकर शराब पीने का नजारा सामने आ रहा है। ऐसा ही एक मामला बानापुरा नए बस स्टैंड पंडित दीनदयाल शॉपिंग कंपलेक्स मैं सामने आया है ।

जहां नगरपालिका की बड़ी टंकी के पास में बने गड्ढे में शराबियों ने शराब की बोतल एवं डिस्पोजल और पानी के पाउच डाल दिए । यह गड्ढा नल चालू करने वाला बताया जा रहा है रोज सुबह आम नागरिकों के पीने के पानी के लिए इसी गड्ढे के बॉल को चालू किया जाता है। जिससे कि आम नागरिकों तक पानी पहुंचाया जा सके लेकिन शाम होते ही शराबियों का जमघट इसी गड्ढे के पास में लग जाता है और शराबी शराब पीकर इसी गड्ढे में शराब की बोतल एवं अन्य चीजों को डाल देते हैं । जिससे नल खोलने वाले कार्यकर्ता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब कर्मचारी नल खोलने गया तो गड्ढा जाम हो गया था। जिसे बड़ी मेहनत करने के बाद में गड्ढे का कचरा खाली किया गया तब जाकर नागरिकों को पीने का पानी पहुंचाया गया। वार्ड नंबर 2 पति पार्षद प्रदीप अग्रवाल एवं हेमंत सराठे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गड्ढा जाम होने के कारण सुबह मोहल्लों में पानी देर से पहुंचा। गड्ढे को साफ करवाया गया एवं मलवा निकाला गया जिसके बाद में कर्मचारी नल चालू किया गया इस कार्य में मुख्य रूप से दरोगा विशाल गोहर दरोगा विजय टाक सफाई कर्मचारी मनीष घावरी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## करतांना पुलिस ने कार्यवाही कर 2 डंफरों को चौकी में किया खड़ा

### रेत से भरे 8 ओवरलोड डंफर पर 8000 रुपये का जुर्माना, डंपर मालिकों में मचा हड़कंप

नर्मदा समय, कुलदीप राजपूत



**टिमरनी।** बुधवार की रात्रि से करताना पुलिस चौकी द्वारा रेत से भरे ओवरलोड व हेड ओवर डंफर गत दिनों से पुलिस चौकी के सामने से तीव्र गति सेगुजर रहे थे बुधवार रात्रि से गुरुवार सुबह 6बजे तक डंफरो पर कार्यवाही की गई ।कार्यवाही के चलते रेत चोर डंपर टैक्टर ट्राली मालिको में हड़कंप मच गया। पुलिस चौकी के एस आई रामेश्वर गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि रेत से भरे डंफर हेडओवर व ओवर लोड चोकी के गुजर रहे थे ऐसे 8 डंफर चालको व मालिको पर प्रति डंफर 1000 रुपये के हिसाब से कार्यवाही कर 8000 रुपये का जुर्माना वसूला गया । साथ ही डंफर न MP28 HJ 8999 मालिक शारुख शेख निवासी एफ 30 एम आई जी कालोनी इंदौर व डंफर न एमपी 28 एच 1825 पर कार्यवाही कर चोकी में खड़ा किया गया। इधर व्यापारी दुकानदारयशवंत राजपूत का कहना है प्रतिदिन डंफर व बड़े वाहन स्पीड ब्रेकर नहीं बनने सेचौराहे से तीव्र गति से दौड़ते है जिससे आये दिन दुर्घटना आशंका बनी रहती है वही स्प्रीड ब्रेकर बनाने की मांगको लेकर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट को भी आवेदन दिया गयालेकिन अभी तक स्प्रीड ब्रेकर नही वने है।

# पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब के जखीरे सहित शातिर शराब तस्कर गिरतार

नर्मदा समय, अरुण कश्यप

**सिवनी मालवा।** थाना सिवनी मालवा पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब के जखीरे सहित शातिर शराब तस्कर गिरतार पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम एवं अति. पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम के निर्देशन में एवं स्ङ्गह (क्क) सिवनी मालवा के नेतृत्व में अवैध शराब का व्यापार करने वालो के विरुद्ध कार्यावही हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

घटनाक्रम - दिनांक 14/04/2023 को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम बिल्दी रोड पर एक व्यक्ति जिसने काले रंग की टी-शर्ट पहनी हुयी है, वह मोटर साइकिल पर रखकर काफी मात्रा में अवैध शराब का विक्रय कर रहा है जो सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा टीम का गठन किया गया व मुखबीर की सूचना पर टीम द्वारा तत्काल बताये गये स्थान बिल्धि रोड पुलिया के पास सिवनी मालवा पर पहुँचकर दबीश दी व घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अविनाश पिता अर्जुन बाथव उम्र 35 साल निवासी ग्राम केंद्रीपुरा बताया। पूछताछ करने पर अविनाश ने स्वयं की मोटर साइकिल पर कुप्पी से अवैध रूप से शराब बेचने के लिये आना बताया एवं प्लास्टिक की कुप्पी के संबंध में पुछताछ करने पर उसने कुप्पी में हाथ भट्टी से बनी महुए की कच्ची शराब होना बताया एवं कोई भी वैध लायसेंस शराब बिक्री के संबंध में नहीं होना बताया। जो कि मौके से कुल 62 लीटर (कीमती 6200 रूपये) हाथ भट्टी से बनी महुआ की कच्ची शराब व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एमपी 05एमटी 3231 को विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं अभियुक्त अविनाश पिता अर्जुन बाथव उम्र 35 साल निवासी ग्राम बेंद्रीपुरा के विरुद्ध अपराध क्र. 194/2023 विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।




### गिरफ्तार आरोपी

अविनाश पिता अर्जुन बाथव उम्र 35 साल निवासी ग्राम केंद्रीपुरा थाना सिवनी मालवा 62 लीटर (कीमती 6200 रूपये) अवैध कच्ची शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एमपी05एमटी 3231 पुलिस टीम-थाना प्रभारी सिवनी मालवा गौरव सिंह बुंदेला, उप निरीक्षक श्रद्धा राजपूत प्र0 आरक्षक 175 पवन तिवारी, आरक्षक 334 अतुल, आरक्षक 54 संदीप, 55 अशोक मीना, आरक्षक 365 माखन राजपूत, आरक्षक 919 राहुल धनबारे, आरक्षक 830 राहुल राजपूत की विशेष भूमिका रही।

## ''लाडली बहना हितग्राही सम्मेलन'' की तैयारियों का जायजा लिया



**कुलदीप राजपूत/ हरदा।** आगामी 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में लाडली बहना हितग्राही सम्मेलन जिले के रहटगांव में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्टर ऋषि गर्ग और पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन ने शुक्रवार को रहटगांव का दौरा किया । उन्होंने हेलीपैड और पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने एकलव्य आवासीय स्कूल तथा आम सभा स्थल का भी दौरा किया और वहां सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेरीकैटिंग कराने के निर्देश दिए । कार्यक्रम स्थल पर कलेक्टर गर्ग ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें जो भी कार्य सोपे गए हैं , सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कर लें । उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आने वाले नागरिकों के लिए बेहतर बैठक व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए । उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल के आसपास एंबुलेंस तथा डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाने के लिए कहा ।कलेक्टर गर्ग ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को कार्यक्रम स्थल के आसपास फायर ब्रिगेड तथा साफ सफाई व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक कंचन ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जी के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और वाहन पार्किंग के लिए बेहतर इंतजाम किए जाएं ।

## बाबा साहेब की जन्म जयंती पर ग्रामीण क्षेत्र में निशुल्क लगाया स्वास्थ्य शिविर



**टीकमगढ़ ।** डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती के शुभ अवसर 14 अप्रैल 2023 शुक्रवार के दिन रीना मेमोरियल हॉस्पिटल की तरफ से जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम हीरा नगर में निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें ग्रामीणों की निशुल्क जांच और उपचार किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी व राय नर्सिंग ऑफ कॉलेज के संचालक व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार राय सहित डा. नीरज पाराशर , राजाराम, एसपी गोस्वामी, सौरभ सोनी, स्टाफ नर्स मुस्कान, महक, रोशनी आदि एवं समस्त टीम द्वारा ग्रामीण लोगों को निशुल्क दवाइयां एवं जांच की गई इसमें ग्रामीण लोगों ने भर पूर लाभ उठाया है। यह कार्यक्रम समाजसेवी डॉ विनोद कुमार राय के द्वारा सुबह किया गया। जहां उन्होंने संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण नमन कर स्वास्थ्य शिविर लगाया वहीं दूसरी ओर दोपहर के बाद उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ जन्म जयंती के उपलक्ष में निकाली जा रही रैली शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर एवं रैली शोभा यात्रा में उपस्थित जनों को ठंडा जल पिलाकर नजरबाग के समीप भव्य स्वागत किया।

## धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**आमला।** भारत रत्न प्राप्त, संविधान निर्माता, डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 132 वो जयंती आमला नगर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।अंबेडकर जयंती को उत्सव का रूप देने संगठन प्रमुखों, नगर वासियों ने व्यापक तैयारियां की गई थी।मुख्य समारोह नगर के गोविंद कॉलोनी क्षेत्र स्थित पुलिस खेल मैदान पर आयोजित किया गया था ।सुबह नगर में स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पहुंच अनुयायियों ने माल्यार्पण कर बाबा साहब को याद किया।चल समारोह में शामिल अनुयायियों के स्वागत के लिए शहर के व्यस्ततम चौराहा जनपद चौक पर व्यापारी संघ से जुड़े व्यापारियों एवं पत्रकार संघ से जुड़े पत्रकारों ने किया। इस दौरान स्टाल सजा अल्पाहार एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी। आपको बता दें शोभायात्रा के आगमन पर मां शारदा इंटरप्राइजेज प्रमुख मनीष झरबड़े के नेतृत्व में युवाओं ने जबरदस्त पुष्प वर्षा कर चल समारोह में चल रहे लोगों का स्वागत कर जबरदस्त आतिशबाजी की गई। शोभा यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल थी।वही महिला पुरुष एवं बच्चे जय भीम का जय घोष लगा डीजे की धुन पर नृत्य कर जमकर थिरक रहे थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से व्यापारी मनीष झरबडे, रवि साहू, बबलु गोस्वामी, अरुण पवार, महेंद्र ठाकुर, मंगलेश कामतकर, जीवन ठाकुर, संजय भारती, मनीष बुखारे, गोविंद पारधे, मोहित जोंजारे, श्याम सरमैया, संदीप नागले, कन्हैया साहू, पत्रकार हरिप्रसाद गोरे, बबलू निरापुरे, राजेश सूरे, पंकज अग्रवाल, मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

**बबलू निरापुरे/आमला।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा नगर मंडल आमला ने विभिन्न स्थानों पर डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर



माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए । अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण चौकीकर ने बताया कि भाजपा नगर मंडल आमला ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया। मुख्य समारोह बस स्टैंड एवं जनपद चौक पर स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर नगर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । साथ ही शनिचरा बाज़ार स्थित शहीद क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

**डॉ अंबेडकर के विचारो पर संगोष्ठी हुई :** डॉ अंबेडकर जी के विचार-भाजपा सरकार विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे । भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र गढ़ेकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए उनसे जुड़ी पाँच स्थानों को पंच तीर्थ के रुप मे विकसित किया जा रहा है ।इसमें मध्यप्रदेश का महू जहाँ बाबा साहेब के जन्म हुआ ,उनके जन्म स्थली के रूप में विकसित की जा रही है । दूसरी दीक्षा भूमि नागपुर , तीसरी मुम्बई का इंदुमिल , चौथा लंदन का वह घर जहाँ बाबा साहेब रह कर वकालत की शिक्षा ली उसे भारत सरकार विकसित कर रही है और पांचवाँ दिल्ली के हलीपुर में वो घर जहाँ बाबा साहेब ने अंतिम सांस ली , उस स्थान को भारत सरकार संविधान निर्माता के स्मृति के रूप में विकसित कर रही है। भाजपा सरकार ने पंचतीर्थ के माध्यम से डॉक्टर अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है ।भाजपा सरकार ने महू में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को स्मारक का निर्माण करवाया है । भाजपा सरकार ने सही मायने में डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है ।जनपद अध्यक्ष गणेश यादव ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने अपने ज्ञान के माध्यम से विश्व को नई दिशा दिखाई है ।उन्होंने उस समय विभिन्न कठिनाइयों का सामना किया जातिगत भेदभाव और छुआछूत जैसी समस्याओं से लड़कर शिक्षा के माध्यम से विश्व में अपनी पहचान बनाई ।हम सबको उनके मार्ग का अनुसरण करना चाहिए । अजा मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण चौकीकर ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वर्तमान समय में सबसे अधिक प्रासंगिक है ।उन्होंने स्वयं अभाव में रहकर भी विश्व प्रभाव छोड़ा है ।उनके द्वारा निर्मित संविधान में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है ।प्रत्येक वर्ग के लिए उन्होंने सोचा विशेषकर महिलाओं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने पर उन्होंने विशेष जोर दिया, और कानून में भी ऐसे प्रावधान लाए इसकी वजह से आज महिलाएं सशक्त बन रही है ।भाजपा सरकार भी इसी सोच को लेकर महिला उत्थान के कार्य कर रही है । जिसमें महिलाओं के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है ।जैसे लाडली लक्ष्मी योजना से लेकर लाडली बहना योजना तक महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ।भाजपा सरकार वंचित गरीब और शोषित तबके के लिए निरंतर कार्य कर रही है ।इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामकिशोर देशमुख, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र गडेकर, जनपद अध्यक्ष गणेश यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक नागले, अजा मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण चौकीकर, वरिष्ठ भाजपा नेता हरि यादव, राजेश पंडोले, राजेन्द्र ढोलेकर, भानू चंदेलकर, जितेंद्र बेले, नितिन खातरकर, मनोज ओडुकले, राकेश धामोडे, सतीश हारोडे, राजेश अमरोही, अनूप सोनोने, गीता ढोलेकर, रणधीर अतुलकर, मधुकर महाजन, शिवपाल उबनारे, कमलेश अतुलकर, दीपक गाडरे, शेखर पंडाग्रे, विनोद परदेशी, गोपेंद्र बघेल, मनीष मिसर, प्रदीप चौहान, सदाराम झारबडे सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# संविधान रचयिता की जन्म जयंती पर किया गया भव्य कार्यक्रम

## ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया का आयोजन ,पत्रकारों सहित समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

नर्मदा समय/ समीर खान




**टीकमगढ़।** 14 अप्रैल 2023 शुक्रवार के दिन नगर की हृदय स्थली में स्थित नगर भवन में समारोह पूर्वक एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया कार्यक्रम का आयोजन ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया की ओर से किया गया जिसमें मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता प्रोफेसर मुन्ना सिंह मरकाम छतरपुर एवं सेवा. नि. प्रोफेसर आरपी तिवारी टीकमगढ़ सहित कई प्रबुद्ध बुद्धिजीवी मंचासीन मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम में भारी संख्या में नगर के वरिष्ठ गणमान्य जनों समाजसेवियों ने शिरकत की और यह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर मंचासीन राजेश कुमार सोनी अध्यक्ष स्वर्णकार समाज टीकमगढ़, एपी रैकवार अध्यक्ष टीकमगढ़, श्रीमती रजनी पूनम जायसवाल समाज सेविका एवं पार्षद टीकमगढ़,मातृ शक्ति संगठन की श्रीमती श्रद्धा चौहान समाज सेविका, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती विभा श्रीवास्तव सहित अन्य बुद्धिजीवी वक्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट डीपी यादव ने किया एवं ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया के प्रदेश महामंत्री एवं समाजसेवी राघवेंद्र सिंह राजपूत आयोजन की भूमिका में इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहे एवं ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया के ही कन्हैया लाल सेन मुखिया टीकमगढ़ एवं ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया के भागीरथ कुशवाहा महामंत्री सहित ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। वही कार्यक्रम के दौरान समाज सेविका एवं भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला राजपूत ने भी एक गीत के माध्यम से संविधान रचियेता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की गाथा पर गहरा प्रकाश डाला और गीत गाकर उनके बारे में वहां कार्यक्रम में उपस्थित सभी को बताया एवं भाजपा के युवा नेता एवं समाजसेवी आनंद कुशवाहा और समाजसेवी व पार्षद हबीब राईन सहित सभी उपस्थित वक्ताओं ने अपनी अपनी वाणी से संविधान रचियेता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उपस्थित जनों को उनके बारे में बताया एवं भारत को एक सरल रास्ता दिखाने वाले एवं संविधान को रचने वाले बाबा साहेब के तमाम कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए वहीं इस मौके पर वक्ताओं ने ज्योतिबा राव फुले एवं बीपी मंडल के जीवन कृतित्व पर भी गहरा प्रकाश डालते हुए वहां उपस्थित लोगों को उनके बारे में तमाम जानकारियां दीं। इस मौके पर प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथी भी मौजूद रहे।

सम्मान कार्यक्रम किया गयाः कार्यक्रम के अवसर पर पत्रकार गण समाजसेवी और होनिहार प्रतिभाओं का सम्मान ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया द्वारा किया गया जहां इस मौके पर पत्रकारों के साथ-साथ कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणीय कार्य करने वाली संस्था मानवीय संवेदना समिति के सचिव मनीराम कठैल और उनके सहयोगियों को सम्मानित किया गया वहीं मातृ शक्ति संगठन की श्रीमती श्रद्धा चौहान को भी उनके सहयोगियों के साथ सम्मानित किया गया एवं समाजसेवी विनय प्रताप सिंह को भी सम्मानित किया गया और अन्य होनहार प्रतिभाओं समाजसेवियों को ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया ने शाल श्रीफल से सम्मानित किया।

## ऑन लाइन तरीके से हार-जीत के दांव लगाते दो गिरफ्तार, अब तक हुई दो कार्यवाहियों में मिली पुलिस को सफलता

नर्मदा समय, समीर खान



**टीकमगढ़।** शहर मे आईपीएल सट्टा खिलवाने की लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी जिस पर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ बीडी त्रिपाठी के द्वारा शहर मे हो रहे आईपीएल सट्टा पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिस पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार द्वारा तत्काल टीम गठित कर सूचना तंत्र मुखबिरो को सक्रिय किया गया। थाना कोतवाली पुलिस टीम को जरिये मुखविर सूचना मिली की किले के मैदान के पास कुछ लड़के मोबाइल पर आनलाईन सट्टा खेल रहे है सूचना की तस्दीक करने मौके पर टीम पहुंची। तो टीम ने दो आरोपियों को अलग-अलग पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की कई जिस पर एक ने अपना नाम कमलेश कुशवाहा पुत्र धर्मदास कुशवाहा निवासी अनंतपुरा थाना देहात टीकमगढ एवं दूसरे ने अपना नाम यादवेन्द्र सिंह बघेल पुत्र राजेन्द्र सिंह बघेल निवासी ग्राम बटवाहा थाना मोहनगढ़ जिला टीकमगढ का होना बताया मोवाइल के स्कीन पर ऑनलाईन चल रहे लिंक व आईडी के बारे मे पूछने पर बताया कि राघवेन्द से फोन पे के माध्यम से 12 सौ रूपये फोन पे कर लिंक एवं 12 सौ रूपये के क्वाइन प्राप्त किये। जिनसे मोवाईल पर चल रही लिंक के माध्यम से हारजीत का दाव लगाया। जिनसे हारजीत का दाव लगा रहे लिंक के बैध लायसेंस के बारे मे पूछा जो न होना बताया उक्त आरोपीगणों पर पब्लिक गैंबलिंग एक्ट पुलिस 1976 धारा 4 क की कार्यवाही की गई।

इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार प्रधान आरक्षक राहुल पटेरिया आक्षक चालक कपिल शर्मा हरेन्द्र सिंह तोमर अरविन्द निरंजन एनआरएस सेवक शामिल रहे।

## ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों की अंतरिम राहत राशि, राजस्व मुआवजा और फसल बीमा की मांग

बबलू निरापुरे/नर्मदा समय




**आमला।** ब्लॉक के किसान अति वृष्टि , ओलावृष्टि और तुफान की मार झेल रहे हैं। लेकिन किसानों को सरकार की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आमला के किसानों की समस्याओं को लेकर आज किसान कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया ।

ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 15 दिन सेजिले में ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से किसानों की 60 से 90 प्रतिशत तक फसल खराब हो गई है। आमला ब्लॉक में भारी ओलावृष्टि हुई, जिससे खेतों में बर्फ की चादर बिछ गई और गेहूं, चना, सरसों के अलावा सब्जी की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। आमला तहसील में रविवार जमकर ओलावृष्टि हुई। वहीं तेज हवाओं एवं आंधी से मकान भी क्षतिग्रस्त हुए तथा जन धन की हानि हुई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाएगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनोज मालवे ने कहा कि पिछले 15 दिनों से सिर्फ सर्वे कराने की बात सुनने को मिल रही है। अब तक एक भी किसान को राहत राशि नहीं मिली है। मुख्यमंत्री द्वारा 50 फीसदी तक बर्बाद हुई फसलों का प्रति हेक्टेयर 32 हजार रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की गई है जो कि बहुत कम है। एक हेक्टेयर में 45 से 50 क्विंटल गेहूं का उत्पादन होता है, जिसका बाजार मूल्य 90 हजार से एक लाख रुपए तक किसानों को मिल जाता। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज देशमुख ने कहा की वृष्टि, ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों की अंतरिम राहत राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। अनावरी की इकाई किसान के खेत को आधार बनाकर सर्वे किया जाए। किसानों को तत्काल 90हजार रूपये प्रति हेक्टर राजस्व मुआवजा एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा राशि का भुगतान किया जाए। किसानों से बिजली के बिल और फसल ऋण की वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवादल जिलाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, सेवादल विधानसभा प्रभारी जितेंद्र शर्मा,महिला नेत्री सीमा अतुलकर,युवक कांग्रेस सचिव विजय पारधी, किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रविकांत उघड़े, शिवा यादव,जिला पंचायत सदस्य हितेश निरापुरे,धन्ना यादव, युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष यशवंत हुड़े, नीरज सोनी,मनीष नागले, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की जल व्यवस्था

**हरदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई टिमरनी ने शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में भीषण गर्मी को देखते हुए प्याऊ व्यवस्था की जिससे महाविधालय छात्र/ छात्राओं को शीतल जल पीने की व्यवस्था उपलब्ध हो गई इस अवसर पर अ.भा.वि.प जिला संगठन मंत्री अतुल बुधौलिया सुधन मानकर अनुराग राजपूत राहुल व्यालसे सतीश राजपूत, अमन गौर, सिद्धार्थ शुक्ला, आदित्य जैन, अखिलेश, आयुष, सर्वेश शुक्ला उपस्थित रहे।

## नवांकुर संस्था ने मनाया डॉ भीमराव आंबेडकर के जन्म दिवस पर समानता पर्व

**नर्मदा समय, कुलदीप राजपूत/ टिमरनी।** विकास खण्ड टिमरनी सेक्टर करताना में भीमराव अंबेडकर जी की 132 वी जयंती पर समानता पर्व के रूप में मनाया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड टिमरनी सेक्टर करताना नवांकुर संस्था के द्वारा मनाया गया इस दौरान बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू, के छात्र-छात्राएं ग्राम विकास प्रसफुटन समिति के पदाधिकारीगण, उपस्थित रहे। कार्यक्रम इसदौरान जनपद सदस्य सुंदर लाल पिपलोदे,मंगल राजपूत, सचिव महेश जाट, एवं सक्रिय महिला सामाजिक कार्यकर्ता आदि वरिष्ठ जनों का उद्बोधन में बाबा साहब के विचार सुनने को मिला । कार्यक्रम के अंत में जन सेवा मित्र राकेश कुमार पीपलोदे के द्वारा सभी को आत्मीय धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया ।




# प्रगतिशील व्यापारी कल्याण संघ का व्यापारी मिलन समारोह संपन्न

बबलू निरापुरे नर्मदा समय







**आमला।** दादाजी लान रतेडा रोड आमला में प्रगतिशील व्यापारी संघ का मिलन समारोह स्वरविहार म्यूजिकल ग्रुप के बच्चों द्वारा मां सरस्वती वंदना, अतिथियों द्वारा गणेश पूजन मुख्य नगरपालिका अधिकारी नीरज श्रीवास्तव डॉ. बी.पी चोरिया, जयंत सोनी, राजेंद्र मदान, पंजाबराव देशमुख ,सुरेंद्र सिंह यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो ना ,पर सभी अतिथियों एवं व्यापारियों द्वारा खड़े होकर प्रार्थना की गई। जबलपुर से आई रूपाली कुसुमकर द्वारा प्रस्तुत गीतों तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया।

रोज रोज आंखों तले एक ही सपना डालें। सहित अन्य गीतों ने कार्यक्रम का समा बांध दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के देवेंद्र सिंह राजपूत ने प्रगतिशील व्यापारी संघ की स्थापना का उद्देश्य एवं व्यापारी को आने वाली समस्या एवं व्यापारी कभी रिटायर नहीं होता आदि बातों को रखा, सुभाष देशमुख द्वारा अपने भाषण में व्यापारियों को एकजुट होकर मिलजुल कर काम करने और संघ की आवश्यकता क्यों होती है बातों पर अपने विचार रखें, संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी द्वारा अपने भाषण में संघ द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्य की जानकारी एवं आगे की योजनाओं और व्यापारिक हित में किए जाने वाले कार्यों का विवरण रखा, कपिल सिसोदिया का भाषण सर्वाधिक समर्थन बटोरने में कामयाब रहा और चर्चा का विषय रहा उन्होंने आमला सारणी विधानसभा एक होने के बावजूद दोनों के बीच सुगम मार्ग ना होने की बात सहित विद्युत नगरी में विद्युत परियोजना शुरू ना होना आमला में रेलवे की रिक्त भूमि होने के बावजूद यहां कोई योजना का ना लाना उजड़ते शहर आमला सारणी के लोको ,बैच किचन वीरान कॉलोनी, खंडहर होते नगर, नगर फॉरेस्ट विभाग द्वारा संस्कार की लकड़ी उपलब्ध ना होना ,अतिथि जनप्रतिनिधि होना आदि मुद्दों को उठाया उन्होंने आव्हान किया कि लोकल फॉर वोकल के नारे को बुलंद किया जाए लोग ऑनलाइन खरीदना बंद करें जिससे हमारे नगर के व्यापारियों का हम से लगाव और उनका घर बसा रहे, साथ ही जनप्रतिनिधि अपने नगर अपने शहर के अपने लोग चूने ताकि इन अतिथियों को हमारी एकता और ताकत का एहसास हो जाए, सत्य प्रकाश बचले द्वारा आमला हॉस्पिटल कि इतनी बड़ी बिल्डिंग बनने के बावजूद वहां डॉ. की उपलब्धता ना होना खासकर महिला डॉक्टर की उपलब्धता ना होना तहसील स्तर पर निर्मित इस अस्पताल का स्मारक के रूप में खड़ा होना बड़ा दुख देता है आज किसी को यदि कोई छोटी भी समस्या हो जाए तो उसे बैतूल रिफर किया जाता है इन सभी मुद्दों को लेकर के व्यापारी संघ द्वारा आम जन से समर्थन मांगा जिसमें सभी ने 16 अप्रैल को सांकेतिक बंद रख विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया, सारणी से आए व्यापारियों ने भी अपनी बात रखी उन्होंने बताया कि अभी-अभी 660 मेगावाट की एक परियोजना के टेंडर होने की बात कही गई जो कि बरसों से कहीं जा रही है जबकि शहर उजड़ चुका है।

लोग पलायन कर चुके हैं युवा बेरोजगार हो गए हैं और चुनावी वर्ष में यह घोषणा की गई है यह भी कहां तक पूर्ण होती है अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। कार्यक्रम में आमला तहसील की पांच प्रतिभाओं जिनमें प्रज्ञा सोनी को एमबीबीएस की डिग्री , गामिनी नरवरे चार्टर्ड अकाउंटेंट, विभा आर्य गाडरे सिविल जज , शिवानी रघुवंशी एमबीबीएस रेडियोलॉजिस्ट एवं नंदिनी अंबोलकर एयर होस्टेस बनने पर सम्मान पत्र प्रगतिशील व्यापारी संघ के गंज, मेन मार्केट, श्री राम मार्केट , जनपद मार्केट एवं रतेड़ा रोड मार्केट के अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल ने किया। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार नितिन देशमुख एवम आभार प्रदर्शन संगठन के यशवंत चड़ोकार द्वारा किया गया इसके पश्चात सभी व्यापारियों ने साथ मिलकर खुशनुमा माहौल में स्नेह भोज किया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-प्रताप सिंह वर्मा के लिए ''दिशागोचर प्रकाशन'', 26बी, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी.नगर, जोन-1 भोपाल से मुद्रित एवं लाइफ लाइन भवन शिवराजपुरी कॉलोनी इटारसी जिला नर्मदापुरम 461111 म.प्र. इटारसी से प्रकाशित किया। नो :- सभी विवादों के लिए न्यायक्षेत्र नर्मदापुरम जिला न्यायालय रहेगा। मोबाइल नं.:-7974372722